| Roll No. | | | | | | | | | | | | Serial No. of Q. C. A. B. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 40 + 23 = 63 ]
Total No. of Questions : 40 + 23 = 63 ]

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 16
[ Total No. of Printed Pages : 16

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ**

# Code No. : 61-H Subject : Third Language — HINDI

ದಿನಾಂಕ : 03. 04. 2009 ]
[ Date : 03. 04. 2009

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-00 ರವರೆಗೆ ]
[ Time : 10-30 A.M. to 1-00 P.M.

ಪರಮಾವಧಿ ಅಂಕಗಳು : 100 ]
[ Max. Marks : 100

## FOR OFFICE USE ONLY

### PART – A

| Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | 8. | | 15. | | 22. | | 29. | | 36. | |
| 2. | | 9. | | 16. | | 23. | | 30. | | 37. | |
| 3. | | 10. | | 17. | | 24. | | 31. | | 38. | |
| 4. | | 11. | | 18. | | 25. | | 32. | | 39. | |
| 5. | | 12. | | 19. | | 26. | | 33. | | 40. | |
| 6. | | 13. | | 20. | | 27. | | 34. | | × | |
| 7. | | 14. | | 21. | | 28. | | 35. | | × | |
| *Total Marks of Part – A* | | | | | | | | | | | |

### PART – B

| Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 41. | | 45. | | 49. | | 53. | | 57. | | 61. | |
| 42. | | 46. | | 50. | | 54. | | 58. | | 62. | |
| 43. | | 47. | | 51. | | 55. | | 59. | | 63. | |
| 44. | | 48. | | 52. | | 56. | | 60. | | × | |
| *Total Marks of Part – B* | | | | | | | | | | | |

| Total Marks in words | | Grand Total | |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. ✓ | | | |
| 2. ✓ | | ✓ | ✓ |
| *Signature of Evaluators* | *Registration No.* | *Signature of the Deputy Chief* | *Signature of the Room Invigilator* |

**सामान्य निर्देश :**

i) प्रश्न–सह–उत्तर पुस्तिका के दो विभाग **विभाग - A** एवं **विभाग - B** हैं ।

ii) **विभाग - A** में 40 प्रश्न एवं **विभाग - B** में 23 प्रश्न हैं ।

iii) प्रश्न–सह–उत्तर पुस्तिका में ही प्रश्नों के उत्तर हेतु स्थान दिये गये हैं ।

iv) **विभाग - A** के निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्न के साथ दिए गये खाली जगह पर सही विकल्प को पूर्ण रूप से लिखिए ।

v) **विभाग - B** के प्रत्येक प्रश्न हेतु पर्याप्त स्थान दिये गये हैं । आपको उसी स्थान में प्रश्न के उत्तर लिखना है ।

## विभाग – A

इस विभाग के अंतर्गत प्रत्येक प्रश्न हेतु **चार** विकल्प सुझाए गये हैं । सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प को चुनकर प्रश्न के नीचे दिए गये जगह पर सही विकल्प को पूर्ण रूप से लिखिए : $40 \times 1 = 40$

1. बहुत ही स्नेही व खुले दिमागवाले व्यक्ति थे

(A) अय्यादुरै सोलोमन (B) रामकृष्ण अय्यर

(C) फादर टी० एन० सेक्यूरिया (D) फादर कलाथिल ।

उत्तर : ______________________

2. एक दिन श्रीमान् दफ़्तर से लौट रहे थे तो उन्होंने किसे देखा ?

(A) धर्मशाला को (B) हेतू को

(C) सड़क के पार धर्मशाला के सामने खड़े हेतू को (D) धर्मशाला के सामने खड़े हेतू को ।

उत्तर : ______________________

3. विराट व्यक्तित्व और उदार कृतित्व का उदाहरण यह पेड़ है —

(A) आम का (B) नीम का

(C) नारियल का (D) पीपल का ।

उत्तर : ______________________

4. ''पागल तू कहाँ चला गया था ?'' ऐसा किसने पूछा ?

(A) सावित्री ने (B) कमल ने

(C) नौकर ने (D) निर्मला ने ।

उत्तर : ______________________

5. विक्रम अंबालाल साराभाई का जन्म कब हुआ ?

(A) 12 अगस्त, 1919 ई० को
(B) 13 अगस्त, 1919 ई० को
(C) 14 अगस्त, 1919 ई० को
(D) 15 अगस्त, 1919 ई० को ।

उत्तर : ____________________

6. वीरता की साक्षात् मूर्ति है

(A) लक्ष्मीबाई
(B) मुंदर
(C) जूही
(D) तांत्या ।

उत्तर : ____________________

7. लोग खोटे आदमी से नहीं करना चाहते हैं

(A) बातचीत
(B) धंधा
(C) व्यवहार
(D) व्यापार ।

उत्तर : ____________________

8. बोर युद्ध में किसकी रक्षा का भार कर्नल बेडन पावेल पर पड़ा था ?

(A) कुछ अंगरेजी सेना और कुछ अंगरेज नागरिक, मर्द, औरतें और बच्चों का
(B) जनता का
(C) स्काउटों का
(D) अंगरेज मर्द और औरतों का ।

उत्तर : ____________________

9. देश में बड़ी तेजी से लगाए जा रहे हैं

(A) मशीनें
(B) रोबोट्स
(C) कम्प्यूटर
(D) माइक्रोप्रोसेसर ।

उत्तर : ____________________

10. 'चित्रकूट' कवितांश को लिया गया है

(A) साकेत से
(B) पंचवटी से
(C) जयद्रथ वध से
(D) अनघ से ।

उत्तर : ____________________

11. प्राणियों में श्रेष्ठ समझा जाने वाला मनुष्य खो बैठा है

(A) विवरण (B) विलाप

(C) विरोध (D) विवेक ।

उत्तर : ______________________________

12. कार के पीछे गिर पड़े थे

(A) निर्जीव सूखे पीले पत्ते (B) सूखे पत्ते

(C) निर्जीव पत्ते (D) पीले पत्ते ।

उत्तर : ______________________________

13. विश्वविख्यात श्री चेन्नकेशव का मंदिर है

(A) हासन में (B) हलेबीडु में

(C) बेलूर में (D) मैसूर में ।

उत्तर : ______________________________

14. कई दिनों के बाद घर के अंदर कौन आए ?

(A) चूहे (B) दाने

(C) कौए (D) छिपकलियाँ ।

उत्तर : ______________________________

15. निरंतर अभ्यास करने से मूर्ख भी हो जाता है

(A) बलवान् (B) गुणवान्

(C) प्रतिभावान् (D) बुद्धिमान् ।

उत्तर : ______________________________

16. 'पेड़' शब्द का बहुवचन रूप है

(A) पेड़ (B) पेड़ें

(C) पेड़ियाँ (D) पेड़ों ।

उत्तर : ______________________________

17. 'बालक' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है

(A) बालाएँ
(B) बालिका
(C) बाली
(D) बालिनी ।

उत्तर : ______________________________

18. 'निकट' का समानार्थक शब्द है

(A) सिमट
(B) समिप
(C) समीप
(D) सामीप्य ।

उत्तर : ______________________________

19. 'झूठ' का विलोम शब्द है

(A) सच
(B) सच्चाई
(C) सचमुच
(D) सच्चा ।

उत्तर : ______________________________

20. अब्दुल कलाम को उड़ान भरने की प्रेरणा किससे मिली ?

(A) सोलोमन से
(B) सारस और अन्य पक्षियों की ऊँची उड़ानों से
(C) रामकृष्ण अय्यर से
(D) अपनी इच्छा शक्ति से ।

उत्तर : ______________________________

21. हेतू ने छुट्टी के लिए कारण नहीं बताया क्योंकि

(A) वह उजड्ड और गँवार था
(B) उसने ज़रूरी नहीं समझा
(C) खुशीवाले घर में वह बात बताना उसने बुरा समझा
(D) अतिथियों के सामने कहना ठीक नहीं समझा ।

उत्तर : ______________________________

22. पर्यावरण प्रदूषण को लेखक ने 'राजरोग' कहा है, इसलिए कि

(A) उससे सकल जीवधारियों का अस्तित्व संकट में पड़ गया है
(B) वह एक महारोग है
(C) आजकल उसी की चर्चा हो रही है
(D) वनों का नाश हो रहा है ।

उत्तर : ______________________________

23. पलभर में चौराहे पर सैकड़ों मनुष्यों की भीड़ इकट्ठी हो गई क्योंकि उस समय

(A) गणेश का जुलूस था (B) मुहर्रम का जुलूस था

(C) मंत्री महोदय आनेवाले थे (D) एक दुर्घटना हुई थी ।

उत्तर : ______________________________

24. कास्मिक किरणों का शोध करने वाले प्रसिद्ध भारतीय विज्ञानी का नाम है

(A) डॉ० विक्रम साराभाई (B) सर० सी० वी० रामन

(C) डॉ० शांतिस्वरूप भटनागर (D) डॉ० होमी जहांगीर भाभा ।

उत्तर : ______________________________

25. ''सैनिकों के लिए शुभ और अशुभ कुछ नहीं होता ।'' — यह किस पाठ का वाक्य है ?

(A) स्वराज्य की नींव (B) शिष्टाचार

(C) पर्यावरण के प्रहरी (D) स्काउट शिक्षा ।

उत्तर : ______________________________

26. एक से एक बड़ा घाघ दूकान की गद्दी पर बैठा होता है ।— इस वाक्य में रेखांकित शब्द का अर्थ है

(A) चालाक आदमी (B) मूर्ख आदमी

(C) खतरनाक आदमी (D) गँवार आदमी ।

उत्तर : ______________________________

27. बिचारे स्काउट जितना खाते थे उससे कहीं अधिक कर दिखाते थे

(A) सहायता (B) सेवा

(C) काम (D) साहस ।

उत्तर : ______________________________

28. कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी की दो बुनियादी चीजें हैं

(A) गणित और समाजशास्त्र (B) गणित और तर्कशास्त्र

(C) गणित और व्याकरण (D) गणित और रसायनशास्त्र ।

उत्तर : ______________________________

29. 'चित्रकूट' को चारों ओर से घेरे रहते हैं

(A) पशु-पक्षी (B) जंगली जानवर

(C) आकाश के बादल (D) ऋषि-मुनि ।

उत्तर : ____________________

30. 'अबके' से कवि का प्रधान आशय है

(A) सबके साथ जीना (B) सबके साथ जाना

(C) पुनर्जन्म में विश्वास रखना (D) दूसरे जन्म में बेहतर बनने की आशा करना ।

उत्तर : ____________________

31. "प्रगति पिछलग्गूपन नहीं है ।" — इसका आशय है कि प्रगति

(A) दूसरों के पीछे-पीछे जाने से नहीं होती (B) दूसरों के अनुकरण से नहीं होती

(C) निज बल से ही हो सकती है (D) औरों की सहायता से हो सकती है ।

उत्तर : ____________________

32. "बेलूर की कला स्वर्ग से उतरी है ।" — इसका अर्थ है कि वह

(A) आकाश से उतरी है (B) देवलोक से उतरी है

(C) इंद्रलोक से उतरी है (D) अति सुंदर है ।

उत्तर : ____________________

33. कई दिनों तक चक्की और चूल्हे के पास कुतिया सोयी थी इसलिए कि

(A) घर में कोई नहीं था (B) चक्की और चूल्हे से खतरा नहीं था

(C) कई दिनों से घर में दाने नहीं थे (D) घर के लोगों ने उसे बाहर जाने नहीं दिया ।

उत्तर : ____________________

34. तुलसी के अनुसार सुखमय वातावरण निर्माण के लिए क्या नहीं करना चाहिए ?

(A) कठोर बातें (B) मीठी बातें

(C) वशीकरण की बातें (D) सुख की बातें ।

उत्तर : ____________________

35. 'उठना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक रूप है

(A) उठ जाना
(B) उठाना
(C) उठवाना
(D) उठना ।

उत्तर : ____________________

36. 'रवींद्र' शब्द में संधि है

(A) दीर्घ
(B) गुण
(C) यण
(D) वृद्धि ।

उत्तर : ____________________

37. जेब ............................ पैसे हैं ।

( खाली जगह में सही कारक चिह्न भरिए )

(A) पर
(B) की
(C) में
(D) का ।

उत्तर : ____________________

38. राम ...................... बकरी चर रही है ।

( रिक्त स्थान में सही संबंधसूचक शब्द भरिए )

(A) की
(B) का
(C) को
(D) के ।

उत्तर : ____________________

39. ''घाट-घाट का पानी पीना'' इस मुहावरे का अर्थ है

(A) बहुत जगहों का पानी पीना
(B) बहुत पानी पीना
(C) काम बहुत करना
(D) बहुत अनुभव पाना ।

उत्तर : ____________________

40. लक्ष्मण <u>अच्छा</u> लिखता है ।

इस वाक्य में रेखांकित शब्द है

(A) संज्ञा
(B) सर्वनाम
(C) विशेषण
(D) क्रिया ।

उत्तर : ____________________

## विभाग - B

निम्न प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर **दो-तीन** वाक्यों में लिखिए : 13 × 2 = 26

41. सेंट जोसेफ़ कॉलेज कहाँ है ? कॉलेज के हॉस्टल में कलाम जी के साथ कौन-कौन रहते थे ?

42. तुलसी के उपयोग के बारे में लिखिए ।

43. निर्मला क्यों घबराई हुई थी ?

44. अपने नाम पर ढेर सारे पत्र पाने के लिए विक्रम ने क्या उपाय किया ?

45. विक्रम के विद्याभ्यास के बारे में लिखिए ।

46. लक्ष्मीबाई ने सैनिकों को प्रेरणा देते हुए क्या कहा ?

47. सुरेश के पिता ने जब सुरेश की रिपोर्ट-बुक देखा तब उन्हें संदेह क्यों हुआ ?

48. कम्प्यूटर विवाह संबंधों को कैसे जोड़ता है ?

49. कवि धरती से किसी दूसरे ग्रह में जन्म लेना क्यों पसंद करता है ?

50. कार के पीछे उड़नेवाले सूखे पत्ते अपने बारे में क्या कहने लगे ?

51. बेलूर में मर्मज्ञ शिल्पियों ने क्या सजाया और क्या बनाया है ?

52. बेलूर की कला कहाँ से उतरी है और कवि ने किन-किन का नमन किया है ?

53. निरंतर अभ्यास करने से मूर्ख भी बुद्धिमान बनता है — वृंद ने इसका कौन-सा उदाहरण दिया है ?

निम्न प्रश्नों के लिए उत्तर **चार-पाँच** वाक्यों में लिखिए : $3 \times 4 = 12$

54. ''हेतू उजड्ड और गँवार था पर शिष्टाचार को समझता था ।'' कैसे ?

55. ''कर्नल बेडन पावेल के बालक-गण सैनिक से बेहतर काम करते थे ।'' कैसे ?

56. कवि ने अकाल की भीषणता और बाद की समृद्धि का सफल चित्रण कैसे किया है ?

57. निम्नलिखित कवितांश को पूर्ण कीजिए : 1 × 4 = 4

नहलाती है नभ ......................................................

...................................................................

...................................................................

...................................................................

.................................................. गिरि-उच्च उदार ।

निम्नलिखित वाक्यों को कन्नड़ **अथवा** अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : 2 × 2 = 4

58. उच्च शिक्षा का सीधा सा अर्थ कॉलेज जाना समझा जाता था । सबसे नज़दीक कॉलेज तिरुचिरापल्ली में था ।

59. हिंदी के नीति कवियों में प्रसिद्ध रहीम का पूरा नाम अब्दुर्रहीम खानख़ाना था । इनका जन्म लाहौर में सन् 1556 में हुआ ।

निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर **दो-तीन** वाक्यों में लिखिए : $2 \times 2 = 4$

भाषा का शुद्ध लेखन उसके शुद्ध उच्चारण पर निर्भर है । हिंदी भाषा का लेखन उसके उच्चारण के अनुरूप होता है । इसलिए भाषा के शुद्ध उच्चारण पर ध्यान देना बहुत आवश्यक है । कई बार क्षेत्रीय प्रभाव के कारण या प्रमादवश या व्याकरण ज्ञान के न होने के कारण या अन्य किसी कारण से कई त्रुटियाँ प्रचलित हो जाती हैं । भाषा के विद्यार्थी को उन त्रुटियों को जानना चाहिए तथा यथासंभव उनके शुद्ध प्रयोग के प्रति सावधान रहना चाहिए ।

60. भाषा के शुद्ध लेखन और उच्चारण में क्या संबंध है ?

61. भाषा में त्रुटियाँ क्यों हो जाती हैं ? भाषा के विद्यार्थी का क्या कर्तव्य बनता है ?

62. अपनी बहन के विवाह का कारण बताते हुए तीन दिन का छुट्टी पत्र अपने प्रधानाध्यापक को लिखिए । $1 \times 5 = 5$

**अथवा**

पाठशाला से प्रवास जाने के लिए पैसे माँगते हुए अपने पिता को एक पत्र लिखिए ।

63. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर **दस-बारह** वाक्यों में निबंध लिखिए : $1 \times 5 = 5$

अ) मेरा प्रिय खेल ।

आ) ग्रंथालय का सदुपयोग ।

इ) बढ़ती जनसंख्या और समस्याएँ ।